Book Ad any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times/ Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-15 **Issue**- 15
Ghaziabad, Sunday, 10 Sept., 2023

10 September to 16 September, 2023

**Page:** 8

**Postal Registration No:** UP/GZB- 80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:**101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 4


Page 5


Page 7


## TIRUPATI EYE

### मिट गए सनातन को मिटाने वाले

**लखनऊ:** सनातन धर्म पर तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे और मंत्री उदयनिधि के बयान पर सियासी घमासान जारील है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें जन्माष्टमी के मौके पर करारा जवाब दिया है। सीएम योगी ने गुरुवार रात को लखनऊ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा ''सनातन धर्म सत्ता परजीवियों से नहीं मिटने वाला है। सनातन रावण के अहंकार, कंस की हुंकार, बाबर और औरंगजेब के अत्याचार से नहीं मिटा उस सनातन धर्म को कोई क्या मिटा पाएगा। सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म पर उंगली उठाने का मतलब है मानवता को संकट में डालने का कुत्सित प्रयास करना. सीएम योगी यहीं नहीं रुके उन्होंने सनातन धर्म को सूर्य की तरह ऊर्जा देने वाला बताते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति मूर्खतावश सूर्य की तरफ थूकने का प्रयास कर रहा है तो उसे समझना चाहिए कि सूर्य तक उसका थूक नहीं पहुंचेगा, बल्कि पलटकर थूक उसके सिर पर ही गिरेगा. साथ ही उसकी आने वाली पीढ़ियों को लज्जित होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमें भारत की परंपरा पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए।
सीएम योगी ने कहा कि ईश्वर को मिटाने वाला मिट गया। 500 साल पहले सनातन का अपमान हुआ। आज अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
**BUREAU CHIEF**
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

# हिंडन सिविलियन एअरपोर्ट से लुधियाना और देहरादून के लिए फ्लाइटें शुरू

## जल्द ही लखनऊ और प्रयागराज के लिए भी शुरू होगी उड़ान सेवा





टीबीसी न्यूज

**साहिबाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट से बुधवार को लुधियाना के लिए उड़ान सेवा शुरू कर दी गई। केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद जनरल वी के सिंह ने लुधियाना की पहली फ्लाइट को रिसीव किया। बाद में उसी विमान को हरी झंडी दिखाकर लुधियाना के लिए रवाना किया। जल्द ही पिथौरागढ़, भटिंडा, पंतनगर, प्रयागराज और लखनऊ के लिए उड़ान शुरू की जाएगी। फ्लाइट एस 9306 में पहले दिन हिंडन से लुधियाना के लिए कुल 12 यात्रियों ने यात्रा की। शाम को हिंडन से देहरादून के लिए कुल 11 यात्रियों ने उड़ान भरी । ये उड़ने फ्लाई बिग कंपनी ने शुरू की। कंपनी के पदाधिकारियों ने बताया कि पूरे सितंबर की दोनों शहरों के लिए सीट बुकिंग फुल है।

सांसद वीके सिंह ने बताया कि जल्द ही हिंडन से लखनऊ, प्रयागराज, हलवाड़ा, गंगानगर, पंतनगर, भटिंडा और अयोध्या का एयरपोर्ट शुरू होने के बाद अयोध्या के लिए भी उड़ान शुरू होगी। उन्होंने यह भी कहा कि स्टार एयर की तरफ से कलबुर्गी और हुबली के लिए जो उड़ान तकनीकी कारणों से जनवरी में बंद हुई थी वह दुबारा शुरू होगी। बड़ी एयरलाइंस कंपनियों को यहां आमंत्रित किया जा रहा है। कोशिश की जा रही है कि हिंडन से बड़ी एयरलाइंस कंपनियां भी अपनी सर्विसेज शुरू करें।

सांसद ने कहा कि हिंडन एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए अहम है, यहां से शहरों के लिए उड़ान शुरू होने पर न केवल गाजियाबाद बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर एविएशन कंपनी की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में सांसद ने राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा को सबसे पहला बोर्डिंग पास दिया।

कोरोना के बाद से बंद थी उड़ानें

हिंडन सिविलियन एअरपोर्ट से सबसे पहले पिथौड़ा गढ़ के लिए फ्लाईट शुरू की गई थी लेकिन कुछ दिनों बाद ही इसे बंद कर दिया गया।इसके बाद कर्नाटक के हुबली और कलबुर्गी जिलों के लिए फ्लाईट शुरू की गई। इस बीच कोरोना का प्रकोप आ गया, जिस कारण फ्लाईट बंद कर दी गई। कोरोना के बाद से अब तक कोई फ्लाईट शुरू नहीं की गई थी। अब लुधियाना और देहरादून के लिए फ्लाइट शुरू होने से दूसरे जिलों के लिए फ्लाईट शुरू होने की उम्मीद बढ़ गई है।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, एपीडी सरस्वती वेंकटेश, हिंडन एयरफोर्स के ग्रुप कैप्टन मंदीप चहल, बिग फ्लाई कंपनी के सीएमडी कैप्टन संजीव मंडाविया, ज्वाइंट सेक्रेटरी सिविल एविएशन डॉ शरद कुमार मौजूद रहे।

फ्लाई बिग के सीएमडी कैप्टन सुजय मंडाविया ने कहा कि लुधियाना के लिए महज 999 रुपये किराया रखा गया है जो किसी एसी ट्रेन से भी कम है। उन्होंने बताया कि देशभर के कुल 11 एयरपोर्ट पर 24 रूटों पर उनकी कंपनी सेवाएं दे रही है। हिंडन से लुधियाना का रूट 25 वां हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह एयरक्राफ्ट 19 सीटर है।

भगवंत मान ने लुधियाना में दिखाई हरी झंडी

करीब तीन साल बाद एक बार फिर लुधियाना हवाई मार्ग से जुड़ गया है। लुधियाना के सहनेवाल एयरपोर्ट से दिल्ली और गाजियाबाद के लिए फ्लाइट शुरू हो गई। बुधवार को पंजाब के सीएम भगवंत मान ने हरी झंडी दिखा लुधियाना से दिल्ली की फ्लाइट को रवाना किया।

इस दौरान कई मंत्री और नेता लुधियाना से दिल्ली की उड़ान भरी। फिलहाल पहली फ्लाइट 19 सीटर यहां से यात्रियों को लेकर रवाना हुई। इस मौके पर सीएम भगवंत मान ने कहा कि लुधियाना से फ्लाइट शुरू होने से व्यापारियों और उद्यमियों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में लुधियाना से नांदेड साहिब और जालंधर के आदमपुर एयरपोर्ट से वाराणसी के लिए भी फ्लाइट शुरू की जाएगी। एयरपोर्ट का काम भी तेजी से चल रहा है।

# शिक्षक की भूमिका राष्ट्र निर्माता की होती है: योगी

## शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री ने प्राथमिक विद्यालयों के 02 लाख 09 हजार से अधिक अध्यापकों को टैबलेट वितरण किया






टीबीसी न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन शिक्षा व शिक्षा जगत के लिए समर्पित था। उनका एक शिक्षक से भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक जाना प्रत्येक शिक्षक के लिए प्रेरणा है। अपने कृतित्व से व्यक्तित्व का निर्माण करना और उस व्यक्तित्व की विराट छाया में पूरे देश को नई दिशा देने का कार्य डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने किया था।

शिक्षक दिवस पर राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित 94 शिक्षकों के सम्मान में लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इसके पूर्व, उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्राथमिक विद्यालयों के 02 लाख 09 हजार से अधिक अध्यापकों को टैबलेट वितरण, 18,381 उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्मार्ट लैब्स की स्थापना का शिलान्यास और 880 आईटीसी लैब्स का शुभारम्भ भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक शिक्षक की भूमिका राष्ट्र निमार्ता की होती है। प्राचीन काल से ही भारत ने अपने शिक्षकों की परम्परा को किसी ना किसी रूप में मान्यता दी है। समाज ने शिक्षक को सम्मान व श्रद्धा के साथ विशेष स्थान देने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के 94 शिक्षकों, को अपने क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है। इनमें बेसिक शिक्षा परिषद के 75 शिक्षक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के 19 शिक्षक शामिल हैं। सम्मानित शिक्षकों का व्यक्तित्व और कृतित्व अन्य लोगों के लिए प्रेरणादाई बना है। शिक्षक हमेशा शिक्षक होता है। आप सभी पर एक बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को निभाएं तो देश तरक्की की राह पर चलेगा।

उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा 56 लाख बच्चों की मात्र 14 दिन में नकल विहीन परीक्षा आयोजित कराकर 15 दिन में परिणाम देना प्रशंसनीय कार्य है। यह परिवर्तन हर स्तर पर दिखना चाहिए। हमें स्किल डेवलपमेन्ट के कार्यों को आगे बढ़ाना होगा।

इस मौके पर माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा तथा वित्त दीपक कुमार, महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनन्द सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी व शिक्षक उपस्थित थे।

# अब शहर क्षेत्र में भी चलेंगी ई-बसें

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा क्षेत्र में ई-बस सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी चल रही है। इसके लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में संबंधित विभागों के साथ संयुक्त सर्वे कराया गया है। नगर आयुक्त ने शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार की टीम के साथ विस्तृत चर्चा की। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने पीएम ई-बस सेवा योजना के शुरुआती चरण में अकबरपुर, बहरामपुर स्थित ई-बस डिपो का संयुक्त सर्वे कराया है। गाजियाबाद नगर निगम की तरफ से अधिशासी अभियंता निर्माण फरीद जैदी भी नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे।

गाजियाबाद के निवासियों को ई-बस सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है। शासन स्तर से वर्चुअल बैठक की जा रही है। प्रमुख सचिव नगर विकास की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक हुई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग किया। गर आयुक्त ने बताया कि तीन विशेष बिंदुओं पर गहनता से चर्चा की गई, जिसमें प्रथम गैप एनालिसिस, जिसमें वर्तमान आबादी तथा ई-बस की वर्तमान संख्या पर चर्चा हुई। दूसरा भूमि की उपलब्धता, जिसमें वर्तमान में लगभग 26 हजार वर्गमीटर स्थान है। अन्य स्थान के चयन हेतु कार्यवाही की जा रही है। इसी के साथ सप्लाई पर भी चर्चा हुई।

पीएम ई-बस सेवा सुविधा उपलब्ध कराने में गाजियाबाद नगर निगम अहम भूमिका निभा रहा है। नगर आयुक्त के निर्देशन में अन्य विभाग कार्य कर रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले देश के 169 शहरों को भारत सरकार की तरफ से पीएम ई-बस सेवा योजना का फायदा मिलने वाला है।

सीडीओ ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत देश के बड़े शहरों में वातानुकूलित बसें चलाई जाएंगी। इन शहरों को तीन श्रेणियों में रखा गया है। पहली श्रेणी के अंतर्गत 20 से 40 लाख आबादी वाले शहर हैं, जिनमें बसें चलाई जाएंगी। दूसरी श्रेणी 10 लाख से 20 लाख आबादी वाले शहरों की है तथा तीसरी श्रेणी 5 लाख से 10 लाख आबादी वाले शहरों की है। जहां इन बसों का संचालन किया जाएगा। गाजियाबाद, नोएडा, कानपुर, सहित 169 शहरों में बसों का संचालन किया जाएगा।

# कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक में क्यों अधिकारियों से नाराज हो गए डीएम

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कर-करेत्तर, राजस्व प्राप्तियों एवं राजकीय देयों की वसूली की समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बैठक में सभी न्यायालयों में उप्र राजस्व संहिता-2006 की धाराओं के अन्तर्गत प्रचलित वादों के निस्तारण का विवरण, भू-राजस्व अधिनियम की धाराओं के अन्तर्गत प्रचलित वादों के निस्तारण का विवरण, जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम की धाराओं के अन्तर्गत प्रचलित वादों के निस्तारण का विवरण, समस्त न्यायालयों में कार्यरत पीठासीन अधिकारियों द्वारा मानक के अनुसार वादों निस्तारण की स्थिति, की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सीमा स्तम्भों, कम्प्यूटरीकृत नकल, प्रयोक्ता प्रभार, स्वामित्व योजना, कर वसूली, भू-राजस्व अधिनियम, जमींदारी विनाश अधिनियम पर विशेष चर्चा की। उन्होंने सभी तहसीलदार और एसडीएम से आय-व्यय की जानकारी मांगी। इसके साथ ही यह भी जांचा कि सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को अपने विभाग के सम्बंध में राज्यहित और जनहित के कल्याण के बारे में कितनी जानकारी है। जिलाधिकारी राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गयी जानकारी से सन्तुष्ट नहीं हुए और नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने आदेश दिये कि राजस्व से सम्बन्धित यह बैठक प्रत्येक 15 दिन में आयोजित की जायेगी।




जिलाधिकारी ने कहा कि अगली बैठक में दर्पण पोर्टल से मिले आंकडों में सुधार होना चाहिए। सभी अधिकारी बैठक से सम्बंधित पूरी तैयारी करके आयेगें। यदि आपके पास कम्प्यूटर ऑपरेटरों की कमी है तो आप उसे पूरी करें लेकिन कार्य में किसी भी प्रकार की ढ़िलाई नहीं होनी चाहिए।

भू-राजस्व अधिनियम और जमींदारी विनाश अधिनियम सहित पैमाइश और बंटवारे के सभी मामले दीपावली से पूर्व ही समाप्त किये जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि बकायेदारों से कर-वसूली की पूरी जिम्मेदारी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की होती है वे इस कार्य को शीघ्र अति शीघ्र निपटाये। इस अवसर पर मुख्य रूप से एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम एफआर विवेक कुमार श्रीवास्तव, सिटी मजिस्ट्रेट शुभांगी शुक्ला, एसडीएम सदर विनय कुमार सिंह, एसडीएम मोदीनगर सन्तोष कुमार राय, एसडीएम लोनी अरुण दीक्षित सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर के सदस्य अपूर्व राज के जन्म दिन पर किया पौधारोपण






**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर के सदस्य अपूर्व राज के जन्म दिन पर वसुंधरा सेक्टर-12 स्थित फ्रेंड्स सोसाइटी के सामने ग्रीन बेल्ट पर पौधारोपण किया गया। रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड और रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सैफ्रोन के सदस्यों ने कई छायादार व फलदार पेड़ों के पौधे लगाए। इस कार्य में आरएचएएम फाउंडेशन ने भी सहयोग किया। लगाए गए पौधों की देखभाल आरएचएएम और रोटरी क्लब के सदस्य करेंगे।

फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि गाजियाबाद में हरियाली बढ़ नहीं रही है। आरएचएएम फाउंडेशन ने रोटरी क्लब के सदस्यों एवं उनके परिजनों के जन्मदिव, शादी साल गिरह व अन्य खास मौकों पर पौधारोपण का फैसला किया है ताकि अलग-अलग क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन की ओर से इसके अलावा भी कई कार्य किए जा रहे हैं। 400 टीबी के मरीजों को गोद लिया गया है। इन मरीजों को लगातार न्यूट्रीशन फूड्स दिए जा रहे हैं। हाल ही में आरएचएएम फाउंडेशन ने जिला एमएमजी अस्पताल के टीबी मरीजों को खाने के लिए न्यूट्रीशन फूड्स दिए। आरएचएएम फाउंडेशन केंद्र सरकार के टीबी उन्मूलन अभियान के साथ जुड़ा है।

उन्होंने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई अभियान शुरू किए हैं। एक ओर जहां स्कूली बच्चों को पठन पाठन सामग्री दी जा रही है, वहीं, फाउंडेशन की ओर के समाज के गरीब तबकों की महिलाओं को निशुल्क सैनेटरी पैड्स भी दिए जा रहे हैं।

इस मौके आरएचएएम के सचिव दयानंद शर्मा, कोषाध्यक्ष मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब आफ दिल्ली इस्ट एंड के अध्यक्ष यतिंदर कालरा और रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद की अध्यक्ष सैफ्रोन कोमल जैन आदि उपस्थित थे।

## वसुंधरा में अवैध निर्माण पर पांच के खिलाफ एफआईआर

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** आवास विकास परिषद ने वसुंधरा में अवैध निर्माण को लेकर पांच मकान मालिकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पिछले दिनों एक सर्वे के दौरान वसुंधरा में 5 संपत्तियां अवैध चिह्नित की गईं थीं।

आवास विकास परिषद ने जिन संपत्तियों के विरुद्ध एफआईआर कराई है, उनमें सेक्टर 5/1208 के मालिक आदित्य जैन, प्लॉट संख्या 11/175 मालिक गौरव हांडा, प्लॉट संख्या 13/612 के मालिक जसवंत सिंह, प्लॉट संख्या 13/1140 के मालिक प्रमोद कुमार एवं अंकुर त्यागी, प्लॉट संख्या 15/1087 और प्लाट संख्या 108/7 दोनों प्लॉट के ओनर सेंटर यूनियन ट्रेड यूनियन के नाम से एफआईआर दर्ज कराई है। विभाग को मिली शिकायत में यहां अवैध निर्माण चल रहा था, जिसके विरोध में आज एफआईआर दर्ज कराई गई है।

आवास विकास परिषद में स्थानीय लोगों द्वारा अवैध निर्माण की शिकायत लगातार की जा रही है। सेक्टर 1 स्थित पीएच 5 और सेक्टर 5 स्थित 1208 में अवैध निर्माण की शिकायत पहले भी दी जा चुकी है, लेकिन अधिकारियों ने शिकायत पर कार्रवाई करने में इतनी देर कर दी कि यहां मकान बनाकर तैयार हो चुके हैं। सेक्टर 1 के प्लाट संख्या पीएच 5 में 5 मंजिल की छत डालकर निजी प्रतिष्ठान बना लिया गया है। लगातार शिकायत करने के बाद इन निर्माण पर आज कागजी कार्रवाई की गई है।



# Editorial

## Blame Game Ahead Of G20 Summit

The national capital Delhi will be in virtual lockdown for three days as holidays have been declared G20 meeting. Security agencies are working overtime to ensure that there is no breach. Metro stations, flyovers, roundabouts have all been given a fresh coat of paint. Fancy illuminations and colourful fountains abound along the route that G20 leaders' cavalcades will pass. Amid this frenzy of last-minute preparations, an ugly spat has broken out between the Centre and the Delhi government over who should take the credit for the city's revamp.

At a time when India should put its best foot forward, there is no room for this kind of petty squabbling. Lieutenant Governor V K Saxena's charge that he had to step in and take over the preparations as the AAP government was dragging its feet was countered by Chief Minister Arvind Kejriwal who blamed it on the laxity of the Municipal Corporation of Delhi which was respo-nsible for keeping the city clean. The MCD had been under BJP rule till last year. However, Kejriwal did call for a stop to the blame game as the Capital will be hosting international guests.

While the Delhi BJP claimed that Central departments were involved in the beautification drive, the Delhi government averred that it had provided all the funds for the beautification with nothing forthcoming from the Centre. Whatever the truth of the matter, it is now time to set aside differences and ensure the success of the event. It is India that will be on centre stage and the nation must take precedence over individuals.

Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

# Include morning assembly in school curriculum: CM



**Lucknow:** UP Chief Minister Yogi Adityanath on Thursday said that the morning assembly should be included in the curriculum of the schools. He expressed these views during an event held to honour 94 teachers on the occasion of Teacher's Day. Along with this, he asked them to reach 15 minutes to half an hour before their schools start, as this would give them some time to think about ways to improve their institutions.

During the event, a total of 75 primary school teachers and 19 secondary school teachers were honoured with State Teacher Awards at Lok Bhavan.

While felicitating 94 teachers selected for the State Teacher Awards on the occasion of Teachers' Day, the CM said, "Try your best to improve the present generation. Include morning assembly in the curriculum. The coming generations will remember you for life." Earlier teachers used to work with limited resources and low salary yet their contribution in building our personality and motivating us to fight the challenges was immense.'

CM Yogi Adityanath personally honoured six basic education and as many secondary teachers by giving them citations, mementos and shawls. An amount of Rs 25,000 each has already been sent to the accounts of all 94 awardee teachers.

The chief minister said, "94 teachers are being honored for their contribution. Their achievements are a source of inspiration for others and it gives us great pleasure to recognize their outstanding work." On this occasion, UP CM also launched a programme to distribute 2.09 lakh tablets. Besides this, he also inaugurated 18,381 smart classes and 880 information and communication technology (ICT) laboratories in the state. He emphasised the importance of making teachers role models for students.

# Delhi Ready To Welcome World Leaders For Global Meet



TBC News

**New Delhi:** Leaders from around the world will be heading to New Delhi for the G20 Summit on September 9-10. Grand arrangements have been made to host the heads of States and their delegations in the national capital. Prime Minister Narendra Modi will be welcoming the leaders of all countries individually at the newly-inaugurated Bharat Mandapam at Pragati Maidan where he will also host a lunch on Saturday followed by a gala dinner hosted by the President.

The mega meet will mark the culmination of the India's year-long G20 presidency where nations will share their commitments towards solving issues affecting the nations. The Group of Twenty also known as the G20 include Argentina, Australia, Brazil, Canada, China, France, Germany, India, Indonesia, Italy, Japan, Republic of Korea, Mexico, Russia, Saudi Arabia, South Africa, Turkey, United Kingdom, and the United States and the European Union.

# 3-year partnership 'Education to Entrepreneurship' launched

## Entrepreneurship' partnership is a game-changer: Pradhan

TBC News




**New Delhi:** Union Minister for Education and Skill Development & Entrepreneurship Dharmendra Pradhan launched a 3-year partnership 'Education to Entrepreneurship: Empowering a generation of students, educators and entrepreneurs'- between Ministry of Education, Ministry Skill Development & Entrepreneurship and Meta in New Delhi on Monday. 3 Letters of Intent (LoI) were exchanged between Meta and NIESBUD, AICTE and CBSE. Minister of State for Education Annpurna Devi and Minister of State for Electronics & IT and Skill Development and Entrepreneurship Rajeev Chandrasekhar were also present.

Speaking at the event, Dharmendra Pradhan said that the initiative launched is in furtherance to Prime Minister Narendra Modi's vision of making India a skill capital of the world and empowering our Amrit Peedhi.

He further said that 'Education to Entrepreneurship' partnership is a game-changer, which will take Digital Skilling to the grassroots. This will build capacities of our talent pool, seamlessly connect students, youth, workforce & micro-entrepreneurs, with futuristic technologies and transform our Amrit Peedhi into new-age problem solvers and entrepreneurs.

He stated that India's democracy, demography, and diversity are to be connected with technology conversion so that technology becomes the equalizer for the entire society. Rajeev Chandrasekhar highlighted the Government's focus on preparing our youth and workforce in these rapidly transforming times, to be equipped with the skills to succeed and play important roles in the evolving landscape of technology. Under the partnership 5 lakh entrepreneurs will get access to digital marketing skills by Meta over the next 3 years.

# नए नगर आयुक्त के रूप में विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संभाला चार्ज, गिनाईं प्राथमिकताएं

टीबीसी न्यूज




**गाजियाबाद।** नगर निगम के नगर आयुक्त के रूप में आईएएस अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कार्यभार संभाल लिया है। सोमवार शाम को नगर निगम पहुंचने पर निवर्तमान नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने उन्हें गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों ने भी फूलों का गुलदस्ता भेंटकर नए नगर आयुक्त का स्वागत किया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं। उन्होंने कहा कि शहर के लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के अलावा नगर निगम की आय में बढ़ोत्तरी करना उनकी प्रमुख प्राथमिकता होगी।

कार्यभार संभालने के तुरंत बाद विक्रमादित्य सिंह मलिक ने विभागीय अधिकारियों से साथ बैठक ली। परिचय के बाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों से अपने-अपने विभाग से संबंधित प्रजेंटेशन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जी-20 एवं स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर आयुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरने के लिए कहा। नए नगर आयुक्त ने मंगलवार को संभव जन सुनवाई में भी भाग लिया। लोगों की कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने रात में जी-20 रूट का निरीक्षण किया। उनके साथ सभी विभागों के अधिकारी थे। उन्होंने निर्माण विभाग, उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग और प्रकाश विभाग के अधिकारियों को जी-20 के रूट का दौरा करने के निर्देश दिए।

### शहर हित में किया जाएगा काम:

विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर आयुक्त ने अधिकारियों को जी-20 और स्वच्छता सर्वेक्षण के अलावा भी शहर हित में विभागों से संबंधित कार्यों को रफ्तार से पूरा करने के निर्देश दिए। अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान की प्रतिदिन की कंप्लायंस रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी।

उन्होंने कहा कि नगर निगम की कार्यशैली में बदलाव किया जाएगा। शहर वासियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए बेहतर ढंग से काम किया जाएगा। निगम की आर्थिक स्थिति को और अधिक मजबूत करने के लिए नए उपाय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स और कमर्शियल टैक्स को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी। फिलहाल उनका पूरा ध्यान जी-20 समिट को लेकर है।




# गाजियाबाद में बनेगी क्रिटिकल केयर यूनिट: ब्रजेश पाठक

## उप मुख्यमंत्री ने किया 4 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित भवनों का उद्घाटन



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को 395.17 लाख रुपए की लागत से निर्मित ईएसआरपी द्वितीय योजना के तहत बने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुरादनगर में 20 बेड के वार्ड के नवनिर्मित भवन का शुभारंभ किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोदीनगर में 20 शैय्या युक्त वार्ड के नवनिर्मित भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर बम्हैटा परिसर में 11 नवनिर्मित भवनों का भी लोकार्पण किया।

इसके अलावा उप मुख्यमंत्री ने पन्द्रहवें वित्त आयोग के तहत बने परिवार कल्याण उपकेन्द्र/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, सीकरी कलां का भवन निर्माण, परिवार कल्याण उपकेन्द्र/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, अमराला का भवन निर्माण, परिवार कल्याण उपकेन्द्र/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, रोड़ी/रोरी का भवन निर्माण और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुरादनगर परिसर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण का लोकार्पण एवं उद्घाटन किया गया।

इस मौके पर ब्रजेश पाठक ने कहा कि गाजियाबाद सहित सभी 75 जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में काम के निर्माण एवं विकास कार्यों पर प्राथमिकता से ध्यान दे रही हैं। उसी का असर है कि गाजियाबाद में लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों सहित अन्य स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित भवनों का निर्माण करवाया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले मामूली स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कई किलोमीटर जाना पड़ता था और अब वॉकिंग डिस्टेंस पर स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हो रहे हैं। इससे स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी।

उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं के लिए एक कार्ड पर बारकोड़ जारी किया जायेगा उसके तहत वह प्राइवेट लैब में भी अपना टेस्ट निःशुल्क करवा सकती है और बारकोड से स्कैन होने पर सरकार उसका बिल स्वयं वहन करेंगी। इसके लिए कई लैब अपना पंजीकरण करवा चुकी हैं और लगातार करवा रही हैं। गाजियाबाद में जल्द ही क्रिटिकल केयर यूनिट लगवाई जायेगी।

कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री वी के सिंह, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, राज्य सभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

# दर्जनों वरिष्ठ नागरिकों ने मृत्यु उपरांत देहदान का लिया फैसला



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** राजनगर स्थित एसजी ग्रांड सोसाइटी के कई वरिष्ठ नागरिकों ने मृत्यु के बाद अपने देह को दान देने का निर्णय लिया है। दधिची देहदान समिति सोसाइटी के क्लब हाउस मे एक जागरूकता कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने शोध कार्यों के लिए देह दान का फैसला लिया। करीब एक दर्जन वरिष्ठ नागरिकों ने फार्म भरा। दधीची देहदान समिति के प्रतिनिधि अनुज शर्मा ने बताया कि शोध कार्यों के लिए देहदान करने की जिज्ञासा बढ़ रही है। इसलिए कई सोसाइटीज में जागरूकता अभियान चलाया गया। समिति के सदस्य दीपांशु मित्तल ने बताया कि समिति को देहदान करने के लिए कई आग्रह मिल रहे हैं। कई संस्थान और हॉस्पिटल के साथ साझेदारी की गई है। इसके तहत मृत्य उपरांत समिति के सदस्य इन संस्थान से संपर्क कर देहदान की प्रक्रिया पूरी करते हैं। इस अवसर पर दधिची देहदान समिति गाजियाबाद शाखा से राकेश अग्रवाल, जया श्रीवास्तव, अंकुर जैन आदि उपस्थित थे।

## गाजियाबाद में फिर दिखा तेंदुआ

**गाजियाबाद।** गोविंदपुरम में 47वी वाहिनी पीएससी के पास एक तेंदुए को देखा गया है। सेनानायक ने डीएफओ को लिखा है कि 6 सितंबर सुबह करीब 4 बजे के आसपास ड्यूटी पर तैनात गार्ड्स ने तेंदुओं को देखा है जिससे अधिकारी कर्मचारी और उनके परिजनों के साथ-साथ आसपास के लोगों के लिए खतरा व्याप्त हो गया है। वन विभाग की ओर से तेंदुए को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। तेंदुआ को देखे जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में कई बार तेंदुए को देखा जा चुका है। उसको पकड़ने की कवायद भी दोनों ही जिलों के डीएफओ के द्वारा की जा चुकी है। लेकिन बहुत ज्यादा सफलता हाथ नहीं लगी थी।

अभी कुछ दिन पहले ही ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा के खेतों में कुछ नन्हे शावकों का वीडियो सामने आया था जिनको कुछ लोग फिशिंग कैट और कुछ तेंदुए के बच्चे बता रहे थे।

## गीजर ठीक ना करना महंगा पड़ा

टीबीसी न्यूज

**ग्रेटर नोएडा।** अगर कोई सामान खरीदने के 3-4 साल बाद खराब हो जाता है तो व्यक्ति दूसरा खरीद लेता है, लेकिन नोएडा में रहने वाली बनारसी दास कश्यप ने ऐसा नहीं किया। जानकारी के मुताबिक नोएडा के सेक्टर-82 में रहने वाले बनारसी दास कश्यप ने अक्टूबर 2017 में भंगेल में स्थित कैरियर पाराशर इलेक्ट्रिक से 15 लीटर का गीजर खरीदा था। उनका गीजर अक्टूबर 2022 में खराब हो गया। गीजर के टैंक में लीकेज होने लगा था। इसकी शिकायत उन्होंने संबंधित कंपनी से की।

कंपनी ने 10 से 15 दिन में नया गीजर लगाने या फिर टैंक बदलने का वादा किया। करीब 10 दिन बाद कंपनी की तरफ से एजेंट आया और गीजर का वीडियो बनाकर ले गया, लेकिन बाद में उनकी मदद नहीं की।

ना तो बनारसी दास को नया गीजर मिला और ना ही उसको ठीक किया गया। इसी को लेकर बनारसी दास ने ग्रेटर नोएडा में स्थित जिला उपभोक्ता आयोग चला गया। वहां पर लंबी सुनवाई के बाद कंपनी पर उपभोक्ता आयोग ने 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा अगले 30 दिनों में गीजर ठीक करने का आदेश दिया है।

# जनरल वी के सिंह ने किया विकास भवन के जीर्णोद्धार का लोकार्पण और उद्घाटन





टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री व स्थानीय सांसद जनरल वी के सिंह ने सोमवार को विकास भवन के जीर्णोद्धार का लोकार्पण व उद्घाटन किया गया इसके पश्चात उन्होंने विकास भवन का निरीक्षण किया।

जिला परियोजना अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित ने बताया कि सन 1992—93 में विकास भवन का निर्माण किया गया था। इसके बाद इस भवन का जीर्णोद्धार नहीं किया गया। विकास भवन कबतूरों का बसेरा हो गया था।

समाज कल्याण अधिकारी अमरजीत सिंह ने कहा कि स्थिति यह हो गई थी कि दिन में भी टार्च का सहारा लेकर काम करना पड़ता था।

इस मौके पर निवर्तमान मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक ने एनसीआर का हिस्सा होने के बाद भी विकास भवन पर किसी का भी ध्यान नहीं गया। जिलाधिकारी के सहयोग से जर्जर विकास भवन का जीर्णोद्धार किया गया।

उन्होंने कहा कि सांसद वी के सिंह ने निधि से 25 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। इसकी जल्द ही निविदा छोड़ी जायेगी। जनरल वी के सिंह ने कहा कि 2020 में कोरोना काल में जब यहां कोरोना सेन्टर था तब यहां आना हुआ था। उस समय यह विकास भवन खंडहर और कबूतरों का दरबा लगता था। आज यह भव्य और आकर्षक विकास भवन बन गया है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट शुभांगी शुक्ला, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षा विभाग ने किया कई शिक्षकों को सम्मानित




**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** शिक्षक दिवस के मौके पर विजयनगर स्थित राजकीय कन्या इन्टर कॉलेज में शिक्षकों को सम्मानित किया गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साहिबाबाद के विधायक सुनील शर्मा उपस्थित हुए।

इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा विभाग के राजकीय ,सहायता प्राप्त एवं गैर सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त विद्यालय के 4 प्रधानाचार्य तथा 6 अध्यापकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुनील शर्मा ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु के रूप में द्रोणाचार्य और चाणक्य का आज भी उदाहरण दिया जाता है। महाभारत होने का एक कारण गुरु का अपमान भी था।

कार्यक्रम में जय सिंह यादव प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज नंदग्राम, विभा चौहान प्रिंसिपल राजकीय कन्या इन्टर कालेज विजय नगर, जिला समन्वयक राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान पवन कुमार भाटी व जिले के प्रधानाध्यापक एवं अध्यापकों को सम्मानित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास, सह जिला विद्यालय निरीक्षक विकास कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि जिले में पहली बार ऐसा किया गया है कि राजकीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों के साथ साथ वित्त विहीन मान्यता प्राप्त के अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। राजकीय कन्या इन्टर कालेज विजय नगर की प्रधानाचार्य ने सभी का आभार जताया।

# एकेटीयू की काउंसिलिंग की डेट्स घोषित

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी ने एडमिशन के लिए काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया। एडमिशन के इच्छुक स्टूडेंट आगामी 15 सितंबर से ऑनलाइन चॉइस फिलिंग कर सकेंगे। बता दें दो महीना पहले संबद्धता पत्र जारी न हो पाने की वजह से यह प्रक्रिया अचानक रोकनी पड़ी थी और इसके लिए एकेटीयू को सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा। प्रदेश के तकनीकी कालेजों में प्रोफेशनल व टेक्निकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए एकेटीयू ने काउंसिलिंग की तिथियां जारी कर दी हैं।

टेक्निकल इंस्टीट्यूट फेडरेशन के अध्यक्ष अतुल जैन ने बताया कि एकेटीयू से जुड़े तकनीकी कालेजों में बीटेक व अन्य पाठ्यक्रमों में इसी काउंसिलिंग के आधार पर प्रवेश होंगे। बीटेक में प्रवेश लेने के इच्छुक जेईई मेन के अभ्यर्थी और आर्कीटेक्चर पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी 15 से 17 सितंबर तक आनलाइन च्वाइस भरकर लाक कर सकते हैं। सीट अलाटमेंट 18 सितंबर को होंगे। इसी तरह सीयूईटी यूजी व पीजी के जरिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 16 से 18 सितंबर तक आनलाइन च्वाइस भर कर लाक कर सकेंगे और 19 सितंबर को सीट अलाटमेंट होंगे। यह पहले राउंड का शेड्यूल रहेगा।

उन्होंने कहा कि दूसरे राउंड के शेड्यूल में जेईई मेन व नाटा के अभ्यर्थी 21 सितंबर को च्वाइस फिल करेंगे और 22 को सीट अलाट होगी। सीयूईटी यूजी-पीजी में यह प्रक्रिया 22 व 23 सितंबर को होगी। राउंड तीन का शेड्यूल 25 से 27 सितंबर तक और राउंड-चार का शेड्यूल 28 से 30 सितंबर तक का होगा। इसी तरह पांचवां राउंड 30 सितंबर से तीन अक्टूबर तक और छठा राउंड चार से 11 अक्टूबर तक चलेगा। एकेटीयू ने वेबसाइट पर टेंटेटिव शेड्यूल

### इन पाठ्यक्रमों में होंगे प्रवेश

**जेईई मेन:** बी-टेक प्रथम वर्ष, बायोटेक्नोलाजी व एग्रीकल्चर शामिल नहीं, और एमटेक इंटीग्रेटेड।

**नाटा :** बी-आर्क, आर्किटेक्चर से संबंधित

**सीयूईटी-यूजी :** बीटेक-बायोटेक्नोलाजी, बीटेक-एग्रीकल्चर, बी-डेस, बीएचएमसीटी, बीएफएड, बीएफए, एमबीए-इंटीग्रेटेड, एमसीए-इंटीग्रेटेड, बी-वोक, बी-फार्मेसी लेटरल, बीटेक लेटरल।

**सीयूईटी-पीजी :** एमबीए, एमसीए।

### बीटेक में 33 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन

एकेटीयू और संबद्ध कालेजों में इस बार बीटेक में 33800, एमबीए, एमसीए में चार हजार और बी आर्क में 275 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

# रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट के इंटरैक्ट क्लब 2023-24 का गठन












**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3012 के तहत कार्यरत क्लब रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट के इंटरैक्ट क्लब 2023-24 का गठन किया गया। स्कूल की कक्षा 11 और 12 के छात्र-छात्राओं को लेकर क्लब का गठन किया गया। स्कूल के चेयरमैन डॉ. जे के गौड़ ने बताया कि इंटरैक्ट क्लब का उद्देश्य विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सामाजिक कार्यों में उनके दायित्व का बोध कराने के लिए किया जाता है।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट -3012 के अन्तर्गत मूल क्लब के साथ मिलकर सामाजिक कार्यों के निर्वहन में अपनी भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर हर्षित मेहता एवं अन्य छात्र-छात्राओं को काउंसिल में उनके पदों की शपथ दिलाई गई। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट इंटरैक्ट चेयर रोटेरियन सचिन वत्स और अन्य प्रमुख रोटेरियन द्वारा सभी इंटरएक्टर्स को पिन प्रस्तुत किए गए। पीडीजी रोटेरियन अशोक अग्रवाल और डिस्ट्रिक्ट इंटरैक्ट चेयर रोटेरियन सचिन वत्स द्वारा दिए गए प्रेरणादायक शब्दों ने इंटरएक्टर्स को उत्साह से भर दिया।

इंटरैक्ट क्लब के सदस्यों को संबोधित करते हुए रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट के सचिव रोटेरियन अब्दुल वाहिद, रोटेरियन सतीश शर्मा और पीडीजी रोटेरियन अशोक अग्रवाल ने आने वाले अध्यक्ष हर्षित मेहता, सचिव कुहू मल्होत्रा और अन्य सभी इंटरएक्टर्स को बधाई दी। उन्होंने अपनी सभी

परियोजनाओं में इंटरैक्ट क्लब का मार्गदर्शन करने का आश्वासन दिया। समारोह का उपरान्त स्कूल के निदेशक डॉ करुण गौड़ ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल, इंदिरापुरम गैलोर, दिल्ली ईस्ट एंड और गाजियाबाद सैफ्रोन ने आरएचएएम फाउंडेशन के सहयोग से दादरी में टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार का किया वितरण












टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड और रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सैफ्रोन ने आरएचएएम फाउंडेशन के सहयोग से शनिवार को जीटी रोड दादरी स्थित बस स्टैंड के पास सरकारी अस्पताल में टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार का वितरण किया।

इस अभियान में इंटरैक्ट क्लब आफ जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, रोटैरेक्ट क्लब आफ जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस इंदिरापुरम और गाजियाबाद भार्गव समाज समिति, वसुंधरा ने सहयोग किया। मुख्य अतिथि डीजी-2025-26 डिस्ट्रिक्ट 3012 डॉ. अमिता मोहिंद्रू ने टीबी के मरीजों को न्यूट्रिशन फूड्स के पैकेट दिए।

विशिष्ठ अतिथि के रूप में रोटेरियन संजय मेहरा और रोटेरियन योगेश गर्ग ने भी टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार के पैकेट्स दिए। अभियान के तहत शनिवार को कुल 50 टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार दिए गए। आरएचएएम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने सभी अतिथियों को पौधा भेंटकर स्वागत किया।

2025 तक देश को टीबी मुक्त करने के प्रधानमंत्री के आहवान पर आरएचएएम फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे टीबी मरीजों की मदद अभियान में रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद अशोक की अध्यक्ष मीनू गर्ग, गाजियाबाद आस्था की अध्यक्ष कविता गर्ग, गाजियाबाद विस्ता की अध्यक्ष कनिका अग्रवाल, गाजियाबाद ग्रेस की अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल और गाजियाबाद रिद्म की अध्यक्ष शान्वी गोयल भी जुड़ी हुई है।

आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि फाउंडेशन की ओर से 400 टीबी के मरीजों को गोद लिया गया है। इन मरीजों को लगातार न्यूट्रीशन फूड्स दिए जा रहे हैं। आने वाले समय में और भी टीबी मरीजों को गोद लिया जाएगा। प्रधानमंत्री के संकल्प को, जिसमें उन्होंने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने की बात कही हैं, पूरा करने के लिए रोटरी क्लब ने संकल्प किया है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में आरएचएएम फाउंडेशन ने जिला एमएमजी अस्पताल के टीबी मरीजों को खाने के लिए न्यूट्रीशन फूड्स दिए। आरएचएएम फाउंडेशन केंद्र सरकार के टीबी उन्मूलन अभियान के साथ जुड़ा है। एनसीआर के अस्पतालों में टीबी मरीजों को न्यूट्रीशन फूड्स देने की योजना बनाई गई है।

उन्होंने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई अभियान शुरू किए हैं। एक ओर जहां स्कूली बच्चों को पठन पाठन सामग्री दी जा रही है, वहीं, फाउंडेशन की ओर के समाज के गरीब तबकों की महिलाओं को निशुल्क सैनेटरी पैड्स भी दिए जा रहे हैं। समय-समय पर खाने के पैकेट्स और अन्य सामग्री भी दी जा रही है। फाउंडेशन की ओर से हाल ही में वसुंधरा सेक्टर 12 और हिंडन स्थित कुष्ठ आश्रम में भोजन के पैकेट व दूसरे सामान दिए गए थे। कोरोना के दौरान मरीजों को ऑक्सीजन कंसंट्रेशन भी दिए गए।

इस मौके आरएचएएम के सचिव दयानंद शर्मा, कोषाध्यक्ष मनीषा भार्गव, डीटीओ नोएडा व प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर डॉ. आर पी सिंह, रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सनरेज दीपिका मित्तल, रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल रेखा गर्ग, रोटरी क्लब आफ दिल्ली इस्ट एंड यतिंदर कालरा और रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सैफ्रोन कोमल जैन आदि उपस्थित थे।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000 **Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro-duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.